हे गौरी नंदन तुझको वंदन

हे गौरी नंदन तुझको वंदन तेरा रूप निराला,
हे गौरी नंदन तुझको वंदन तेरा रूप निराला,

सिद्धि सदन गज बदन विनायक कृपा सिंधु सुंदर सब लायक
ब्रह्मा विष्णु जपते निश्चित तेरे नाम की माला
हे गौरी नंदन तुझको वंदन तेरा रूप निराला,

मोदक प्रिय मृदु मंगल दाता विद्या वारिधी बुद्धि विधाता
कृपा करो अब अंतर्यामी गौरी सुत गणराजा
हे गौरी नंदन तुझको वंदन तेरा रूप निराला,

चंदा ने तेरा रूप बनाया तारों ने गहना पहनाया
सब ऋषियों ने नमन किया तुझे भक्तों के प्रतिपाला
हे गौरी नंदन तुझको वंदन तेरा रूप निराला,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18480/title/hey-gori-nandan-tujhko-vandan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |